हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 यज्ञ-हवन व रामायण पाठ के साथ मनाया जन्मोत्सव



12 हनुमान जयंती पर बंटी चोकोबार और केसर कुल्फी...





# विपक्ष की गैरहाजिरी से छुरा नपं की सामान्य सभा स्थगित, जनहित के कई मुद्दे अटके

## कोरम के अभाव में नगर विकास, पेंशन और बजट से जुड़े प्रस्तावों पर नहीं हो सकी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर पंचायत में गुरुवार को आयोजित सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक विपक्ष के 9 पार्षदों की सामूहिक अनुपस्थिति के कारण स्थगित करनी पड़ी। बैठक में नगर विकास कार्य, वार्डों के निर्माण प्रस्ताव, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पूर्वानुमान जैसे अहम विषयों पर चर्चा होनी थी, लेकिन आवश्यक गणपूर्ति नहीं होने से कार्यवाही प्रारंभ ही नहीं हो सकी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अध्यक्ष पक्ष के 6 पार्षद बैठक में समय पर उपस्थित रहे, जबकि विपक्ष के सभी 9 पार्षद गैरहाजिर रहे। परिषद की कार्यवाही के लिए आवश्यक कोरम पूरा नहीं होने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई, जिससे कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव फिलहाल लंबित हो गए। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार, विपक्ष की यह अनुपस्थिति पूर्व नियोजित रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर इसे राजनीतिक कारणों से जोड़कर देखा जा रहा है। नगर के जानकारों का कहना है कि विपक्ष जनहित के मुद्दों को लेकर सजग नजर नहीं आ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आम जनता को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। विकास कार्यों में देरी, पेंशन संबंधी मामलों का लंबित होना और वार्डों की मूलभूत सुविधाओं ⏭ शेष पेज 10 पर



### पूर्व में भी हो चुका है ऐसा

सूत्रों के अनुसार, इससे पहले जुलाई माह में बस स्टैंड से बजरंग चौक तक पेवर ब्लॉक के स्थान परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भी विपक्षी पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार करते हुए बीच में ही सभा छोड़ दी थी। इसके परिणामस्वरूप संबंधित मार्ग पर पेवर ब्लॉक कार्य करना पड़ा, जबकि उसी सड़क के शीघ्र चौड़ीकरण का प्रस्ताव पहले से लंबित था। स्थानीय स्तर पर इसे जनता के पैसों की अनावश्यक बर्बादी के रूप में देखा गया था। नगर पंचायत से जुड़े जानकारों का मानना है कि यदि परिषद की बैठकों में इसी प्रकार गतिरोध बना रहा तो विकास योजनाओं और जनहित के कई महत्वपूर्ण फैसलों में अनावश्यक विलंब हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### तरीघाट-कुण्डेल में मुरूम का अवैध उत्खनन, कलेक्टर से शिकायत



**छुईहाबेलर।** तरीघाटकुण्डेल क्षेत्र में मुरूम का अवैध उत्खनन बेरोकटोक जारी है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं आप नेता रूद्र सिन्हा के नेतृत्व में शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजिम से की गई, पर आश्वासन के बाद भी कार्रवाई न होने पर उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर उत्खननअवरोध की मांग की। ग्रामीणों ने खनन से जलस्तर व कृषिक्षति की आशंका जताते हुए त्वरित प्रशासनिक हस्तक्षेप चाहा है।

### पटेलपारा में चालीसा का पाठ



**राजिम।** शहर के पटेल पारा में युवाओं द्वारा प्राचीन हनुमान जी के मंदिर में हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ किया गया। श्री हनुमान जी का पूरे विधि विधान के साथ पंडित जयशंकर मिश्रा के मंत्रोच्चारण के बीच पूजा आरती की गई। तत्पश्चात खीर पुड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, पूर्व पार्षद भूखन पटेल, बजरंग दल प्रमुख पुरुषोत्तम दुबे, रमन चक्रधारी, संजू सेन, विजय चक्रधारी, पिंटू पटेल, रंजीत पटेल, हेमराज पटेल, लोकेश चक्रधारी, पन्ना पटेल, रवि निर्मलकर, मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल थे।

### नवा रायपुर में महिलाओं के लिए योग शिविर 5 अप्रैल को

**अभनपुर।** महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सुख शांति समाधान संस्था', रायपुर द्वारा 5 अप्रैल रविवार को नवा रायपुर के सेक्टर-29 स्थित योगा रोड गार्डन में एक दिवसीय निःशुल्क योग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा।

कार्यशाला में प्रसिद्ध योग गुरु सचिन नीलकंठ माथुरकर के मार्गदर्शन में महिलाओं को योग एवं प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक व मानसिक समस्याओं से राहत पाने के प्रभावी उपाय बताए जाएंगे। विशेष रूप से ऑस्टियोपोरोसिस, अर्थराइटिस, एनीमिया, PCOS/PCOD, मेनोपॉज, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, कमर-पीठ दर्द, घुटनों की समस्या और बढ़ते वजन जैसी परेशानियों पर केंद्रित सत्र आयोजित होंगे। इस दौरान योग प्रशिक्षिका मीरा शर्मा भी उपस्थित रहकर प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास, संतुलित दिनचर्या और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के बारे में विस्तृत जानकारी देंगी। शिविर का उद्देश्य "स्वस्थ महिला – स्वस्थ परिवार – स्वस्थ समाज" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। संस्था के पदाधिकारियों ने नवा रायपुर4 एवं आसपास की अधिक से अधिक महिलाओं से इस निःशुल्क शिविर में शामिल होकर लाभ उठाने की अपील की है।

### नशामुक्त समाज के लिए जनजागरण पदयात्रा 11 को

**अभनपुर।** मानव कल्याण संगठन द्वारा समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से 11 अप्रैल शनिवार को सुबह 11 बजे "नशामुक्त बिलासपुर जनजागरण पदयात्रा" का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व प्रत्याशी कमलेश साहू ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि नशा आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। विशेषकर युवा वर्ग इसकी चपेट में आकर अपने भविष्य को खतरे में डाल रहा है। ऐसे में समाज के हर वर्ग को आगे आकर नशामुक्ति के इस अभियान को सफल बनाना चाहिए।

## शिविर : नक्सलवाद के साये से आजाद हुआ आदिवासी गांव

# छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार साहेबिन कछार पहुंचा प्रशासनिक अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- जन समस्या निवारण शिविर, 184 आवेदनों में 65 का मौके पर ही किया गया निराकरण

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 26 साल पश्चात नक्सल मुक्त जिला घोषित होने के बाद मैनपुर के बीहड़ जंगल के भीतर बसे घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे साहेबिनकछार में गुरूवार को गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके, पुलिस अधीक्षक गरियाबंद देवव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, डीएफओ वरुण जैन एवं जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंद कुमारी राजपूत, तपेश्वर ठाकुर, सुभाश यादव, तथा अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी ने पहुचकर जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल एवं आदिवासी बाहूल्य क्षेत्र में बसे ग्राम साहेबिनकछार जहां कभी शासकीय अमले बहुत ही कम जा पाते थे। उसका प्रमुख कारण यह था कि यह गांव अति संवेदनशील क्षेत्र हुआ करता था। केंद्र शासन के पहल पर पूरे देश में 31 मार्च 2026 को नक्सल मुक्त होने के उपरांत आज जिले के कलेक्टर श्री बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, सीतानदी-उदंती टाईगर रिजर्व के उप निदेशक वरूण जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, स्थानीय जनप्रतिनिधि ⏭ शेष पेज 10 पर







### 21 किमी लंबी सड़क और संचार सुविधा की मांग

जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि बम्हनीझोला से कोदोमाली तक लगभग 21 किलोमीटर की दूरी को पूर्व में पक्की सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति मिल चुकी है, जिसे शीघ्र पूरा करना चाहिए। साथ ही क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में विद्युतिकरण और साहेबिनकछार में स्थापित मोबाइल टॉवर को शीघ्र शुरू करें ताकि लोग संचार सुविधाओं से जुड़ सकें। शासन की जो भी योजनाएं हैं, उनका वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। आमजनों द्वारा जो आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं, उनका समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण होना अत्यंत आवश्यक है।

# बोईरगांव के 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- आत्महत्याओं का सिलसिला जारी



गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की लगातार मामले आ रहे है, फिर एक युवक ने ग्राम बोईरगांव में बीते रात फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया जिसका आज गुरूवार को पोस्टमार्डम कर शव परिजनों को सौप दिया गया है और पुलिस द्वारा मामले की जांच किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर तहसील मुख्यालय से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बोईरगांव में बीती रात एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक 25 वर्षीय युवक राजेश धुरव ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल है। आधी रात की है घटना प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह खौफनाक कदम युवक ने बीती रात करीब 02 बजे के आसपास बताया जा रहा है, परिजनों को जब घटना का पता चला, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बताया जा रहा है कि मृतक अपने घर में दो भाइयों में सबसे छोटा था। जवान बेटे की इस तरह अचानक मौत से परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है।

मैनपुर क्षेत्र में यह 7 वां मामला, प्रशासन के लिए चिंता का विषय


इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाल के दिनों में आत्महत्या (फांसी) का 07 वां मामला बताया जा रहा है। एक ही क्षेत्र में लगातार आ रहे ऐसे मामलों ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और यह पुलिस व प्रशासन के साथ–साथ समाज के लिए भी एक बड़ी चिंता का विषय बन गया है। घटना की सूचना मिलते ही मैनपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसके कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है।

# झरझरा मंदिर के पास दिखे नीलगाय और लकड़बग्घे, विभाग ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा



क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण जंगली जानवर बेहाल हैं। वे गांव-कस्बों की ओर रुख कर चुके हैं। जंगलों में पानी और खाने के अभाव से जानवर परेशान हो रहे हैं। पानी की तलाश में कई लंगूर-सियार, निल गाय, लकड़ब्बगे, जैसे वन्य जीव ग्रामीण क्षेत्रों में आ रहे हैं। गुरुवार को पाण्डुका वन परिक्षेत्र के झरझरा मंदिर पास झुण्ड मे निल गाय, और रविवार कों लकड़ब्बगे देखें गये झरझरा मंदिर दर्शन करने जा रहे लोगों ने वन्य जीव कों देख घबरा गये और भागने लगे,ग्राम मुरमुरा के आबादी वाले क्षेत्र में जंगली जानवर पानी की तलाश में पहुंच गए। पिछले एक सप्ताह मे इस जंगल मे कई जानवर देखें गयी है जो ग्रामीण इलाकों के लिये खतरा साबित हो सकता है, तेंदवे की भी मौजूदगी बताई जा रही है जो पागल डेम के पास इनका डेरा बताया जा रहा है. कई शरारती लोगों ने जानवरो कों मारने के फिराक मे लगे है जिस पर चिल की नजर वन विभाग पाण्डुका टीम की निगरानी बनी हुई है। इस पूरे मामला मे वन विभाग पाण्डुका रेंजर संतोष चौहान का कहना है की जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है जंगली जानवर सरहद गांवों के आसपास आ रहे है। झरझरा के पास हिरण, नीलगाय और अन्य जानवरो की मौजूदगी है लोगों से आग्रह है की उनको न छेडे, जानवरो की सुरक्षा पर हमारी टीम निगरानी रखी हुई है, किसी प्रकार के आपराधिक गतिविधि कों अंजाम देने वाले लोगों कों बक्सा नहीं जायेगा।



### उदंती रिजर्व के सड़क किनारे गौर का झुण्ड

**मैनपुर।** उंदती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल सड़क किनारे इन दिनों वन्य प्राणियों के झुण्ड आसानी से दिखाई दे रहे है, गौर का झुण्ड उदंती अभ्यारण्य सड़क किनारे विचरण करते।

# पतोरा-फिंगेश्वर सड़क पुल के पास क्षतिग्रस्त, फंड के बिना मरम्मत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



मुख्य नहरनाली के समांतर पक्की डामरीकृत सड़क, जो पतोरा से फिंगेश्वर थाना तक सैकड़ों गांवों के आवागमन की एकमात्र रीढ़ है, आज गड्ढोंसेभरी और एक स्थान पर पुल का पर्दा टूटने से दुर्घटनासंकट बनी हुई है। स्थानीय मोटरसाइकिल चालक, कार चालक बताते हैं कि बरसात में गड्ढे पानीसेभरे गर्त बन जाते हैं टूटेपर्दे वाला पुल पार करना दोपहियावाहनों के लिए ख़ासतौर पर जोखिमपूर्ण है।

पीएमजीएसवाय विभागीय अधिकारी जानकारी के अनुसार यह मार्ग पांच वर्ष पूर्व निर्मित हुआ था और अब संधारणनिधि समाप्त होने से पैचमरम्मत भी नहीं हो पा रही। अधिशासी अभियंता ने बताया कि पुनर्निर्माणप्रस्ताव उच्च कार्यालय को प्रेषित है, पर स्वीकृतिप्रक्रिया लंबित है। दूसरी ओर, कुण्डेलमड़वाडिही मार्ग के लिए कलेक्टर ने गौणखनिज निधि से 5 लाख अनुमोदित किए, विभाग ने ठेकेदार ने काम पूरा कर लिया, पर निधि संबंधित विभाग तक नहीं पहुँची। इस वित्तीय अड़चन के कारण विभाग ⏭ शेष पेज 10 पर

## संकट मोचन मंदिर में भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

# भक्ति में डूबा जिला, हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- सेवा और समर्पण का दिखा भाव, आयोजन में जुटे युवा और समिति सदस्य

शहर के बस स्टैंड स्थित प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे दिन भक्ति का माहौल बना रहा। मंदिर समिति के सदस्य तड़के से ही तैयारियों में जुट गए थे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोपहर होते-होते भंडारा प्रसाद वितरण का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बस स्टैंड क्षेत्र में युवाओं द्वारा बड़े उत्साह के साथ प्रसाद वितरण किया गया, जिससे पूरे इलाके में सेवा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में नगर के कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी शामिल हुए। इस दौरान पार्षद शुभम निषाद, छगन यादव, निरंजन प्रधान, भूपेंद्र कश्यप सहित बड़ी संख्या में युवा और समिति सदस्य मौजूद रहे। समिति सदस्य जय दासवानी ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव हमारे लिए सिर्फ धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सेवा और एकता का प्रतीक है। हर वर्ष की तरह इस बार भी समिति के सभी सदस्य और युवा मिलकर श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं। आगे भी इसी तरह समाज के लिए ऐसे आयोजन करते रहेंगे। इस आयोजन में कृष्णा वखारिया, मेहुल पवार, भावेश जांगड़े, धैर्य दासवानी, अमन यादव, प्रविष त्रिवेदी, सागर सिन्हा, भैय्यू साहू, जनार्दन ध्रुव, गिरिश रात्रे, लल्ला साहू, कुनाल रात्रे, राहुल गिरी, मोहित यादव, हेमंत निषाद, पायल कपूर, विवेक सिन्हा, शिवम सहित अन्य युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर "जय श्रीराम" और हनुमान जी के जयकारों से गूंजता रहा, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।



# हनुमान जन्मोत्सव पर आज निकलेगी शोभायात्रा, पुलिस ने बनाया रूट चार्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 3 अप्रैल को निकलने वाले भव्य शोभायात्रा के लिए स्थानीय पुलिस ने भीड़ को देखते हुए रूट चार्ट बनाया है। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि आमजनमानस की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चार पहिया एवं अन्य भारी वाहनों के लिए दोपहर 2 बजे से रात्रि 11 बजे तक के लिए नवीन रूट तैयार किया गया है जानकारी के मुताबिक भव्य एवं विशाल शोभायात्रा- प्राचीन श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होगा जो आजाद चौक, पटेलपारा तिराहा, सुभाष चौक, रेस्ट हाऊस, पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक, फारेस्ट नाका, बस स्टैण्ड से शिवाजी चौक होते हुए वापस बस स्टैण्ड, गोवर्धन पारा ,हटरी, महामाया मंदिर, केवटपारा, गुढीचौक होते हुए पुराना श्रीराम मंदिर तक जावेगी। जिससे थाना क्षेत्र में आमजनो के भीड़ होने से आने-जाने वाले मार्ग अवरूध्द होने से थाना क्षेत्रांतर्गत चलने वाली वाहनों जैसे - चार पहिया वाहन एवं अन्य भारी वाहनों के आगमन, निगमन एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन हेतु रूट चार्ट तैयार किया गया है। जिसमें चार पहिया वाहन एवं अन्य भारी वाहनों को दोपहर 2 बजे से रात्रि 11 बजे तक के लिए नवीन रूट चार्ट तैयार किया गया है मुख्य मार्ग हटरी चौक- जामा मस्जिद मार्ग-महानदी पुल से श्री राजीव लोचन मंदिर क्षेत्र में पुलिस बल को तैनात किया गया है। महासमुंद ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### बारूला और बिजली में पंचायत व बूथ कमेटियों का गठन



**फिंगेश्वर।** अप्रैल 2026 प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिशन गाँव चलो अभियान के तहत संगठन को निचले स्तर तक और अधिक मजबूत करने के लिए पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी के गठन की प्रक्रिया जारी है इसके अंतर्गत राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बारूला एवं ग्राम पंचायत बिजली में 2 पंचायत कमेटी और दो बूथ कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं रीति नीति से अवगत कराया तथा सभी सेक्टर एवं बूथ स्तर पर बैठक लेकर शीघ्र गठन करने पर बल दिया और आगामी सेक्टर और बुथ की बैठक शीघ्र रखने के लिए मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया। उक्त अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, मंडल अध्यक्ष शेखर साहू, मंडल प्रभारी चंपू मारकंडे, बिजली सेक्टर अध्यक्ष दौलत राम यादव, सेंदर सेक्टर अध्यक्ष सेशू गुप्ता, ईश्वरी,रोहित साहू, डॉ. राजेंद्र साहू, वासुदेव यादव, खेमराज सिंन्हा, उत्तम सोनवानी हिक्षा निर्मलकर, अशोक निर्मलकर, तुलेश्वर धृतलहरे, शिवम सिन्हा, परदेसी निषाद, रूमन यादव, राजेंद्र तोंडे कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### परसदा स्कूल में न्योता भोज

**नवापारा-राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला परसदा में शाला विकास समिति के अध्यक्ष टीकू यादव ने अपने सुपुत्री जान्हवी यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में न्योता भोज का कार्यक्रम रखा। इस अवसर पर न्योता भोज कार्यक्रम में बच्चों को दाल, चावल, सब्जी खीर, पूड़ी, जलेबी, भजिया, केला परोसा गया।



भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी। श्री यादव ने कहा कि न्यौता भोज कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किया गया एक अच्छी पहल है जिसका उद्देश्य स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के अलावा बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन देना है। ऐसे आयोजन से बच्चों में समानता और अपनेपन की भावना बढ़ता है। सामुदायिक सहभागिता का विकास होता है। भोज के दौरान प्रधान अध्यापिका दुलेश्वरी साहू, सोमेश्वर तारक, रामजी खिलवारे, वीरेंद्र खुटियारे, संतराम बारले, प्रेमलाल खुटियारे, सरोज वर्मा, धनेश्वरी साहू मौजूद थे।

## अधिवेशन : ग्राम बिजली में साहू समाज का वार्षिक हुआ अधिवेशन

# महिला सशक्तिकरण से ही संभव है समाज का सर्वांगीण विकास : नंदिनी





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम बिजली में 'परिक्षेत्र साहू समाज बोरसी' का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन मंगलवार को हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली, जो नगर भ्रमण के पश्चात कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां भक्तों ने महाआरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। अधिवेशन के सांस्कृतिक सत्र में गंगा साहू ने संत शिरोमणि माता कर्मा की जीवन गाथा को पारंपरिक 'भरथरी शैली' में प्रस्तुत किया। उनकी प्रभावशाली गायकी और भक्तिपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि नंदिनी ओंकार साहू ने कहा कि माता कर्मा की जयंती और ऐसे आयोजन नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा, जिस समाज की महिलाएं जागृत होती हैं, वह समाज कभी पीछे नहीं रहता। जनपद पंचायत अध्यक्ष इन्द्राणी नेहरू साहू ने समाज सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अपील की कि जन्मदिन, विवाह और जयंती जैसे शुभ अवसरों पर वृक्षारोपण कर हम धरती को हरा-भरा बना सकते हैं, यही माता कर्मा के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी।

### भक्ति और त्याग की प्रतिमूर्ति थीं माता कर्मा

लाला साहू राभमस अध्यक्ष माता कर्मा केवल साहू समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के उत्थान के लिए समर्पित थीं। रूपसिंह साहू सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा की अपनी अटूट भक्ति से उन्होंने भगवान जगन्नाथ को प्रसन्न किया और अपने हाथों से खिचड़ी का भोग लगाया। भुनेश्वर साहू पूर्व उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ ने कहा की समाज को सामाजिक समरसता और सेवा प्रकल्प की दिशा में एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। प्रवीण साहू जिला अध्यक्ष, गरियाबंद ने कहा की कंधे से कंधा मिलाकर चलने से ही समाज विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ेगा।

**उत्कृष्ट कार्यों का हुआ सम्मान-** तहसील साहू संघ फिंगेश्वर के अध्यक्ष खोमन साहू ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन के माध्यम से प्रतिवर्ष समाज की कार्ययोजना तैयार की जाती है। इस दौरान समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभूतियों का सम्मान किया गया, ताकि युवाओं का मनोबल बढ़े। कार्यक्रम में तहसील साहू संघ राजिम अध्यक्ष जगदीश साहू, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष दोहन साहू, डॉ. टूमन साहू, अश्वनी साहू, रमेश साहू, सोम प्रकाश साहू, पूर्व अध्यक्ष रामजी साहू, सरपंच पदमा मोती निषाद, डोमन साहू, दयाराम साहू, लिखन निषाद, टिकेश साहू (सेंदर), टिकेश साहू (सिर्रीखुर्द) उपस्थित थे। साथ ही बोरसी परिक्षेत्र अध्यक्ष गोवर्धन साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष नूतन साहू, महासचिव डॉ. दिलीप साहू, प्राचार्य पूरनलाल साहू, कोषाध्यक्ष चिंताराम साहू, दिव्यांग संघ जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू, संगठन सचिव दिगेश साहू, देवेंद्री साहू, सचिव सियाराम साहू, संरक्षक मोहनलाल साहू, सुनीति साहू, नंदू यादव, सरपंच बेनी शंकर, सरपंच गनेशिया रवि साहू, सरपंच अनुसुईया शिव साहू और डॉ. राजू साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# एसपी वेदव्रत सिरमौर ने बालिकाओं को पुलिस भर्ती के लिए किया प्रोत्साहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

■ मैनपुर के वनांचल में गूंजी शिक्षा और करियर की गूंज

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे, नागेश, करलाझर, साहेबिनकछार, कोदोमाली, भूतबेड़ा, बम्हनीझोला, गरीबा, गाजीमुड़ा क्षेत्र के ग्रामीण महिलाओं एंव बालिकाओं ने गुरुवार को गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर से क्षेत्र के दौरे के दौरान मुलाकात किया और उनका आत्मीयता से स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक ने भी सभी ग्रामीणो से उनके हालचाल जाने कई ग्रामीण बालिकाओं ने पुलिस में भर्ती होने की ईच्छा जताई तो उन्हे इस विशय में विस्तार से जानकारी दिया साथ ही पुलिस अधीक्षक ने उन्हे अस्वास्थ करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा जनता की सेवा के लिए है, क्षेत्र के किसी को भी कोई परेशानी है तो बेझिझक पुलिस को अपनी समस्या बताए पुलिस हमेशा आपके साथ रहेगी, साथ ही बालिकाओ को आत्मनिर्भर बनाने, शिक्षा जारी रखने और पुलिस में कैरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे परिवार व समाज का नाम रौशन कर सके। इस दौरान बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे किसी भी बच्चे को पढाई, लिखाई में कोई परेशानी है तो पुलिस से सम्पर्क करें पुलिस हमेशा उनके सहयोग के लिए है। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी दिया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से डीएसपी लितेश सिंह, एसडीओपी पुलिस मैनपुर ओमप्रकाश खुजूर, सरपंच चैतीबाई नायक, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, यशोदा मरकाम, कृष्णा नागेश, धनमती बाई, रामबती नेताम, लीलाबाई नाग, भुनेश्वरी नाग एंव बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### एसआई कौशल का साहू समाज ने किया स्वागत

**छुईहा बेलर।** कौशल कुमार साहू का एस आई चयन उपरांत कड़ी प्रशिक्षण कर गृह ग्राम बेलटुकरी पहुंचे। इस दौरान साहू समाज परिक्षेत्र बेलर, तहसील साहू समाज फिंगेश्वर, साहू समाज परिक्षेत्र बोरसी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। तहसील साहू अध्यक्ष खोमन साहू, साहू समाज जिला उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, परिक्षेत्र बेलर अध्यक्ष हरिराम साहू, बोरसी परीक्षेत्र अध्यक्ष गोवर्धन साहू, तेजराम साहू चतुर साहू, सालिक साहू, टिकेश साहू, विष्णु साहू, रामाधार साहू, दिलीप साहू, रामु राम साहू, रामजी साहू, सुकदेव साहू, जागेश्वर साहू इत्यादि समाजिक ने बधाई दी है।

# 'रेल से भरोसा टूटे-टोल टैक्स से पसीना छूटे'

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व पीसीसी के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने कहा कि टोल टैक्स में केंद्र सरकार द्वारा की गई 5 प्रतिशत की वृद्धि आम जनता को जहां महंगाई की मार देने वाली है, गैस, पेट्रोल डीजल में सरकार की नाकामी को छिपाने का एक खेल है। आलोक चंद्राकर ने कहा कि जनता के परिवहन का सबसे विश्वनीय साधन रेल को जिस प्रकार से केंद्र सरकार ने अविश्वसनीय बना दिया है, कब ट्रेन कैंसिल हो जाएगी, इसका कोई भरोसा नहीं है। ऐसी स्थिति में जनता सड़क मार्ग से यात्रा कर रहे हैं। कॉरीडोर के नाम पर जगह-जगह टोल टैक्स से जनता परेशान है। हर 100 किमी में 65 से 95 रुपए का टोल रूपी मार जनता झेल रही है। टोल कंपनियों को लाभ देने सरकार तुगलकी निर्णय ले रही है। टोल कंपनियां दुर्गतिपूर्ण सड़क की मरम्मत ना कर सिर्फ वसूली में लगे है। टोल में सुविधाओं का पूरा अभाव है। यहां तक रात में टोल अघोषित पार्किंग अड्डा बना रहता है, जिससे अनेक घटनाएं सामने है। ऐसी दशा में टोल टैक्स में बढ़ोतरी जनता के साथ अन्याय और टोल कंपनियों पर केंद्र की भाजपा सरकार का प्रेम उजागर होता है। फास्टैग नहीं होने पर नगद में दोगुना टैक्स वसूलना सरकारी आतंक नहीं तो और क्या है। सड़क निर्माण के समय ही लागत के अनुसार टैक्स की दर होने के बाद सड़कों की दशा खराब ही होती है।

# मोदी सरकार की नीतियों से बढ़ी महंगाई : सुखचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद




जिले में बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए बेसरा ने कहा कि हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जबकि पिछले तीन महीनों में इसमें कुल 525 रुपये की वृद्धि हो चुकी है। इसके अलावा घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में भी 62 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जिससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि जो गैस सिलेंडर कभी 400 रुपये में महंगा बताया जाता था, वह अब 900 से 1000 रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर भी सरकार को घेरा। बेसरा ने कहा कि सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में कटौती को बड़ी राहत बताया गया, लेकिन इसके बावजूद पेट्रोल के दाम में अलग-अलग राज्यों में एक रुपये से अधिक की वृद्धि हो रही है। कुछ पेट्रोल पंपों पर तो यह बढ़ोतरी 4 रुपये तक देखी गई है। एवीएशन फ्यूल के दाम बढ़ने से हवाई यात्रा भी महंगी हो गई है।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि खाद्य तेल, दूध, मावा और अन्य राशन सामग्री के दाम भी तेजी से बढ़े हैं, जिससे आम आदमी के किचन का बजट पूरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आर्थिक असमानता बढ़ रही है और आम जनता की आय घटती जा रही है।

**रसोई से लेकर शिक्षा-रेलवे तक सब महंगा-** बेसरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में लागू की गई मनरेगा योजना को वर्तमान सरकार ने कमजोर कर दिया है, जिससे गरीबों के रोजगार के अवसर प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाली हैं, जबकि आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे टिकट से लेकर स्कूल-कॉलेज की फीस तक में बढ़ोतरी हुई है और बैंकिंग सेवाओं में अतिरिक्त शुल्क लगाकर आम खाताधारकों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। बढ़ती महंगाई को उन्होंने भाजपा निर्मित आपदा बताते हुए कहा कि आम जनता परिवार चलाने के लिए संघर्ष कर रही है। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आबिद ढेबर, सन्नी मेमन, रमेश रामा शर्मा, पन्नालाल, जुनैद खान, छगन यादव, रमीज रहमान और अवध यादव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### विपक्ष की गैरहाजिरी...

पर निर्णय टलना इसका सीधा प्रभाव माना जा रहा है।

**जनता के हितों की अनदेखी पर उठे सवाल-** बैठक में जिन विषयों पर चर्चा प्रस्तावित थी, उनमें वार्डों के अधूरे निर्माण कार्य, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नागरिक सुविधाओं के प्रस्ताव, साफ-सफाई व्यवस्था तथा आगामी वित्तीय वर्ष का बजट पूर्वानुमान प्रमुख रूप से शामिल था। बैठक स्थगित होने से इन विषयों पर निर्णय टल गया है, जिससे संबंधित कार्यों में देरी की संभावना बढ़ गई है। नगरवासियों के बीच इस घटनाक्रम को लेकर चर्चा तेज है। आम लोगों का कहना है कि परिषद की बैठकों में लगातार बाधा आने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं और इसका नुकसान अंततः जनता को उठाना पड़ता है।

### छत्तीसगढ़ राज्य...

सहित जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारी, जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आसपास के ग्रामीणों की मांग एवं समस्याओं के निराकरण के लिए पहुँचे। इस दौरान ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अपने बीच पाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रिय गृहमंत्री अमित शाह ने पूरे देश से 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सल मुक्त करने की घोषणा की थी। कई वषोर् से साहेबिनकछार जैसे प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों के मूलभूत विकास के लिए कई वषोर् के उपरांत आज एक साथ जिले के प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा। इस दौरान सभी विभाग द्वारा स्टॉल लगाएं गए थे। जिसका अवलोकन जनप्रतिनिधियों ने किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जॉच कर उन्हें लाभान्वित किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी, पंचायत, खाद्य, राजस्व, क्रेडा, परिवहन, विद्युत, पुलिस सहित अन्य विभागों ने स्टॉल लगाये थे। जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि केंद्र शासन के दृढ़ संकल्प के कारण पूरे देश में नक्सल मुक्त हो चुका है, इसी कड़ी में गरियाबंद जिला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अब हर आदमी निःसंकोच होकर जिले के दूरस्थ अंचल तक पहुंच सकता है। अब हर गांव का विकास होगा। इसके लिए शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधि सहित आम नागरिकों का सहयोग जरूरी है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य पर कलेक्टर का जोर-** कलेक्टर श्री बीएस उइके ने कहा कि यह अत्यंत ही हर्ष की बात है कि यह क्षेत्र कुछ समय पूर्व अति संवेदनशील क्षेत्र में आता था परन्तु अब यह सामान्य क्षेत्र हो गया है। उन्होंने ग्रामीणों को शिविर में निःसंकोच होकर अपनी मांग एवं समस्याओं के बारे में अधिकारियों को बताने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि अपने बच्चों को आंगनबाड़ी एवं स्कूल जरूर भेजे। इस क्षेत्र में कुपोषण का प्रतिशत अधिक है। गर्भवती माताएं को अच्छे तरीके खानपान करें। तभी उनका खून बढ़ेगा और स्वास्थ्य बच्चे का जन्म होगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों को इस क्षेत्र के ग्रामों का नियमित रूप से भ्रमण कर मरीजों का उपचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र में और बेहतर सुविधाएं लाने के लिए शासन द्वारा नई 108 गाड़ियॉ उपलब्ध कराई गई है। जिसमें त्वरित रूप से मरीजों को ले जाकर उपचार किया जा सकेगा। उन्होंने ग्रामीणों को महतारी वंदन योजना एवं राशन कार्ड का ई-केवाईसी कराने को कहा। इस क्षेत्र में सड़क उन्नयन कार्य, बिजली, पुल-पुलिया सहित अन्य निर्माण कार्य भी किया जाएगा।

**साइबर ठगी और सुरक्षा पर एसपी का मार्गदर्शन-** पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने ग्रामीणों से कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाएं। प्रत्येक व्यक्ति का जान अनमोल है। नशे का सेवन कर कभी भी वाहन न चलाएं साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को वाहन चलाने न दे। इस दौरान डीएसपी सुश्री लितेश सिंह ने कहा कि आजकल लोग मोबाईल के माध्यम से ऑनलाईन ठगी के जाल में फंस रहे है। किसी को अपना पासवर्ड न बताएं। किसी के कहने पर पैसा दोगुणा करने के लालच में न आएं। पुलिस आप लोगों के सहयोग के लिए है। इस तरह की फ्रॉड होने पर 1930 पर शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने बताया कि पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा 10 अप्रैल को शोभा थाना में लर्निंग लाईसेंस बनाने के लिए शिविर लगाया जाएगा। जिन लोगों के लाईसेंस नहीं बने है। वे शिविर में आकर अपना लाईसेंस बना सकते है। जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 184 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 65 आवेदनों का मौंके पर निराकृत किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा तय कर संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई। शिविर में जनप्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल विकास द्वारा 02 महिलाओं की गोद भराई, 02 महिलाओं का अन्न प्रासन्न और समाज कल्याण विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को ट्राई सायकल, एक हितग्राही को व्हील चेयर एवं 11 हिताग्राहियों को छड़ी वितरित किया गया। इस दौरान साहेबिनकछार क्षेत्र के प्रमुख नेता रूपसिंह मरकाम, अर्जुन सिंह नायक, सरपंच चैतीबाई नायक, हरिहर यादव, टीकम नागवंशी, कांति बस्तिया, भानू सिन्हा, अरिवंद नेताम, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पतोरा-फिंगेश्वर...

अन्य ख़राब सड़कों पर व्यय करने से हिचक रहा है। आखिर झमेला विभागीय अधिकारियों को होता है। इन परिस्थितियों में क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना गरियाबंद से पतोराफिंगेश्वर नहरकिनारे की मुख्य सड़क के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है ताकि सैकड़ों ग्रामीणों की दैनिक यात्रा सुरक्षित हो सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मुख्य कार्यपालन अभियंता अभिशेष पाटकर ने कहा की नहर किनारे पतोरा से थाना तक का सड़क का साधारण राशि नहीं होने कार्य रूका हैं। डीएमएफ का पोर्टल एक्सेप्ट नहीं हो रहा है। कुण्डेल से मडवाडिही की राशि अप्राप्त है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर...

से रायपुर जाने वाली गाड़ियां फिंगेश्वर पेट्रोल पम्प से कॉलेज के पीछे वाली रोड से पथर्रा तिराहा होते हुए चौबेबांधा पुल से नवागांव पेट्रोल पम्प से सोमवारी बाजार पुल होते हुए नवापारा बस स्टैण्ड से रायपुर रोड तक जाएगी। गरियाबंद से रायपुर मार्ग - चौबेबांधा तिराहा होते हुए पुल से नवागांव पेट्रोल पम्प से सोमवारी बाजार पुल होते हुए नवापारा बस स्टैण्ड से रायपुर रोड की ओर मुड़ेगी। नवापारा बस स्टैण्ड से गंज रोड होते हुए सोमवारी बाजार पुल, नवागांव पेट्रोल पम्प चौबेबांधा पुल, चौबेबांधा तिराहा से पथर्रा तिराहा, पथर्रा रोड, कॉलेज के पीछे वाली रोड, फिंगेश्वर पेट्रोल पम्प से महासमुंद मार्ग की ओर जाएगी। रायपुर से गरियाबंद मार्ग के लिए नवापारा बस स्टैण्ड ,गंज रोड ,सोमवारी बाजार पुल, नवागांव पेट्रोल पम्प, चौबेबांधा पुल से गरियाबंद मार्ग के लिए मुड़ेगी। इसे ध्यान में रखते हुए वाहन चालक अपनी गाड़ियो को दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक नवीन रूट में संचालन करेंगे।

# बजरंग चौक पर सजी भव्य रंगोली, भंडारे में उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। नगर के प्रमुख स्थलों बजरंग चौक, मानस मंदिर एवं छूही नाला क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विशेष रूप से बजरंग चौक में जन्मोत्सव का आकर्षण देखने लायक रहा। पूरे चौक को चारों ओर से सुंदर तोरण द्वारों से सजाया गया था, जिससे वातावरण अत्यंत भव्य एवं आध्यात्मिक प्रतीत हो रहा था। रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजे स्थल ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही भक्ति गीतों और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रामायण मंडलियों द्वारा भक्ति गीत, रामायण पाठ एवं सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भगवान श्री हनुमान जी की भक्ति में लीन दिखाई दिए। दोपहर में विधिवत विशेष पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूजा-अर्चना के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को पूरी, सब्जी एवं हलवा का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद वितरण के दौरान लोगों में भारी उत्साह देखा गया और सभी ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस पावन अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, तहसील-छुरा, जिला - गरियाबंद (छ.ग.)**

मुकेश कुमार गुप्ता पिता बिहारी प्रसाद गुप्ता, उम्र 41 वर्ष, जाति-बनिया, साकिन-रसेला, वि.ख., थाना, तहसील- छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.) ...शपथकर्ता

**शपथ-पत्र**

1. यह कि मेरा नाम, पता व अन्य जानकारी उपरोक्तानुसार है :-
2. यह कि मेरे पुत्री रिया कुमारी गुप्ता के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कॉर्ड में उसके माताजी का नाम प्रेरणा देवी दर्ज है तथा मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में माताजी का नाम पिंकी देवी दर्ज हो गया है।
3. यह कि मेरी पत्नि का वास्तविक प्रेरणा देवी (PRERNA DEVI) है जिसे उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में दर्ज करवाना चाहता हूँ।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेज में माताजी का नाम सुधार करने हेतु सादर प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं मुकेश कुमार गुप्ता पिता बिहारी प्रसाद गुप्ता, उम्र-41 वर्ष, जाति- बनिया, साकिन-रसेला. वि.ख., थाना, तहसील–छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) का निवासी हूँ, जो कि शपथ-पत्र की कंडिका 1 से 4 तक में वर्णित बातें मेरी निजी जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार सही एवं सत्य होने से आज दिनांक 05/03/2025 को मुकाम छुरा में अपनी हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, तहसील-छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

मुकेश कुमार गुप्ता पिता बिहारी प्रसाद गुप्ता, उम्र 41 वर्ष, जाति-बनिया, साकिन-रसेला, वि.ख., थाना, तहसील-छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.) ...शपथकर्ता

**शपथ-पत्र**

1. यह कि मेरा नाम, पता व अन्य जानकारी उपरोक्तानुसार है :-
2. यह कि मेरे पुत्र ऋषभ कुमार के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कॉर्ड में उसके माताजी का नाम प्रेरणा देवी एवं पिता जी का नाम मुकेश कुमार गुप्ता दर्ज है तथा मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में माताजी का नाम पिंकी देवी एवं पिता जी का नाम मुकेश गुप्ता दर्ज हो गया है।
3. यह कि मेरा वास्तविक नाम मुकेश कुमार गुप्ता (MUKESH KUMAR GUPTA) एवं मेरी पत्नि का वास्तविक प्रेरणा देवी (PRERNA DEVI) है जिसे उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में दर्ज करवाना चाहता हूँ।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेज में माताजी एवं पिताजी का नाम सुधार करने हेतु सादर प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं मुकेश कुमार गुप्ता पिता बिहारी प्रसाद गुप्ता, उम्र-41 वर्ष, जाति- बनिया, साकिन- रसेला. वि.ख., थाना, तहसील - छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) का निवासी हूँ, जो कि शपथ-पत्र की कंडिका 1 से 4 तक में वर्णित बातें मेरी निजी जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार सही एवं सत्य होने से आज दिनांक 05/03/2025 को मुकाम छुरा में अपनी हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**

## खबर संक्षेप



### सामाजिक कार्यकर्ता का सम्मान

**मैनपुर।** झरिया साहू समाज के द्वारा वार्षिक आडिट आय व्यय वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर कांदाडोंगर अंचल के सभापति देवशरण राम साहू एवम आंचलिक संपादक टेकराम साहू आंचलिक समीक्षक लम्बोदर साहू कोषाध्यक्ष मकरध्वज साहू इन आंचलिक पदाधिकारियों के द्वारा वर्ष 2025 व 2026 का आय व्यय वार्षिक आडिट सभी अंचल वासियों के समक्ष में पारदर्शीता के रूप में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में विगत माह में हमारे चौरासीगढ़ के पवित्र देव भूमि कांदाडोंगर के गोढियारी गांव में झरिया साहू समाज के द्वारा श्री श्री अष्टप्रहरी नाम यज्ञ का आयोजन किया था जिसमें हमारे समाज के कार्यकता भाईयों के द्वारा निस्वार्थ भाव से समय दान संकीर्तन कला उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्यकता भाईयों को हमारे समाज के अध्यक्ष कीर्तन राम साहू के द्वारा प्रशस्ति पत्र शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें लम्बोदर साहू, मुकेश साहू, निलाधर साहू, मंजीत साहू, जगमोहन साहू, भरत साहू, देवशरण साहू, यदु साहू, मूलचंद साहू, खिरसिंन्दुर साहू, चंचल साहू, खमन साहू आदि उपस्थित रहे।


### डीएसपी लितेश ने यातायात नियमों की दी जानकारी

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल नागेश, साहेबिनकछार, कोदोमाली, करलाझर क्षेत्र से पहुचे सैकड़ो ग्रामीणों को जन समस्या निवारण शिविर के दौरान गरियाबंद पुलिस के डीएसपी लितेश सिंह ने यातायात



नियमों की जानकारी दी और कहा कि वाहन चलाने से पहले हेलमेट का उपयोग करना बेहद अनिवार्य है। क्षेत्र में अधिकांश दुर्घटनाओं में हेलमेट नही होने से गंभीर स्थिति देखने को मिलती है साथ ही उन्होने शराब पीकर वाहन नही चलाने और वाहनों के कागजात लायसंस बनवाने तथा यातायात संकेतो का पालन करने के संबंध में विस्तार से बताया साथ ही डीएसपी लितेश सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जल्द ही शिविर लगाकर यातायात नियमों की जानकारी देने की बात कही है, उन्होने सभी वाहन चालकों से अपील किया है कि हर हाल में ड्राईविंग लायसेंस बनाये नही तो कार्यवाही होगी साथ ही क्षेत्र में गरियाबंद कलेक्टर एंव पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्राईविंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर लगवाने की बात कही है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर प्रभात फेरी और भव्य शोभायात्रा से भक्तिमय हुआ नगर







**कोपरा।** नगर में गुरुवार को हनुमान जयंती का पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संकल्प सेवा समिति एवं नगरवासियों द्वारा गांधी चौक स्थित हनुमान मंदिर में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें नगर की प्रभात भजन मंडली और धर्मप्रेमियों ने भाग लिया। जय हनुमान के जयघोष के साथ निकली इस प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इसके पश्चात नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर में संकटमोचन भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। पूजा के बाद संकल्प सेवा समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न वार्डों से होते हुए पुनः हनुमान मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा नगर भक्ति के रंग में रंग गया। इस आयोजन में रिकेश साहू, शिवम सिन्हा, रवि साहू, लक्की सेन, पीयूष साहू, मिथुन राजपूत, वेदप्रकाश सिन्हा, नीरज साहू, श्रेयश सिन्हा, नेपाल साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा, विधायक जनक ध्रुव हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम रसेला के पारा बेलडीही चैत्र पूर्णिमा को आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। एक अप्रैल दिन गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर नव निर्मित मंदिर में शुभ मुहूर्त पर विधि विधान से सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ कर हनुमान जी की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोच्चारण महाराज देवेंद्र शास्त्री और समस्त पारा वासियों के सानिध्य में संपन्न हुआ। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर दराज से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा के दौरान बाजा बजते भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। महिलाएं, पुरुष और बच्चे हाथों में केसरिया ध्वज लि जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारे लगा रहे थे। नव निर्मित मंदिर में विराजमान पवनपुत्र हनुमान की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। भोजन प्रसादी के बाद इस कार्यक्रम में प्रज्ञा मानस परिवार सोरीद फिगेश्वरी मानस मंडली का मानस गान का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आमंत्रित अतिथियों और पारा वासियों ने रसपान किया गया। तत्पश्चात इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनक राम ध्रुव विधायक विन्द्रानवागढ क्षेत्र, अध्यक्षता सरपंच रूपादेवी ठाकुर, विशेष अतिथि के रूप में सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव,डी आर यादव ग्राम प्रमुख, बिग्रेद्र ठाकुर पूर्व सरपंच, धनीराम यादव, नंदूदास मानिकपुरी, शिवशंकर जयसवाल मंडल अध्यक्ष, संतराम नेताम, इकबाल मेमन, पंच कुबेर बारिक, मालती मरकाम सहित आमंत्रित अतिथिगण मौजूद रहे। विधायक जनक राम ध्रुव जैसे बेलडीही पहुंचे पारा वासियों द्वारा सहसमान स्वागत किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर जनक ध्रुव ने पुजा अर्चना कर बजरंगबली से क्षेत्र के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। वहां पर उपस्थित सभी अतिथियों का आयोजक समिति द्वारा गुलाल व बेच लगाकर स्वागत किए।





## यज्ञ-हवन व रामायण पाठ के साथ मनाया जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर सहित अंचल मे संकट मोचन हनुमान की जयंती पर लोगो यज्ञ हवन का पूर्णाहूति देकर आरती उतारी। हनुमान चालिसा एवं सुंदरकांड के पाठ के साथ मानस सतत्संग भी हुआ जिसमे बड़ी संख्या मे नागरिक शामिल हुए। कहते हैं कि रामायण एवं महाभारत के बाद यदि धरती पर कोई देवता रहा तो उसमे हनुमान जी की गिनती आती हैं आज भी धरती मे रहकर लोगो के लिए संकट मोचक बने हुए हैं। 2 अप्रेल को दर्रीपार रोड मे सड़क किनारे स्थित हनुमान मंदिर मे साहू परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी हनुमान जयंती के अवसर पर पूजा अर्चना कर भोग प्रसादी का वितरण कराया जिसमें वार्ड सहित नगर के नागरिकों ने हिस्सा लेकर भगवान हनुमान की पूजा कर जीवन का संकट का हरण करने मन्नते मांगी। ग्राम चैतरा मे भाजपा नेता भुनेश्वर साहू ने ग्रामीणों के साथ हनुमान जंयती मनाया गया जिसमें दुर्गेश मानस परिवार बागबहरा के द्वारा रामायण को लेकर शानदार प्रस्तुती दी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ट नेता रामूराम साहू ने लोगों को संबोधित कर भगवान हनुमान के गुणों को बताते हुए उसकी महिता बताई एवं जयंती की बधाई दी। इसी प्रकार साई शनि हनुमंत मंदिर मे समिति के द्वारा यज्ञ हवन पूजन कर प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर मानस परिवार के द्वारा रामायण का पाठ किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ट नेता रामूराम साहू सहित समिति के लोगो ने पंचमुखी हनुमान जी की पूजा अर्चना की।इसी प्रकार नगर के विभिन्न हनुमान मंदिर मे भगवान हनुमान जी क जन्मउत्सव नागरिको पूरी श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण मनाया।

### बारूला के बजरंग चौक पर मनाई हनुमान जयंती

**फिंगेश्वर।** प्रतिवर्ष के भांति इस बार भी ग्राम बारूला के बजरंग चौक मे टिंबर व्यवसायी नोसराम साहू के परिवार के द्वारा हनुमान जयंती पूरी श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण मनाया गया। ग्रामीणों के साथ भगवान हनुमान की यज्ञ हवन आरती कर भोग प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर महराज अजय शर्मा के द्वारा बताया गया कि कलयुग में भी हनुमान जी जीवित भगवान हैं। जो भी भक्त संकट के समय सच्चे मन से उन्हे याद करते है भगवान उनका संकट दूर करते हैं। लोगों को हनुमान चालीसा एवं सुंदरपाठ का वाचन करना चाहिए जिससे आने वाले सारे कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस अवसर पर पूर्व अपर कलेक्टर भीखम चंद साहू, सरपंच सुकदेव साहू, केशव साहू, शिवचरण साहू, नोसराम साहू, निखिल साहू, संदीप साहू, केसी साहू, भाजपा के वरिष्ट नेता रामूराम साहू, दीपक पोद्दार, हरक साहू सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।



### श्रीराम सेना ने निकाली शोभायात्रा, भगवा ध्वजों से सजा नगर



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया ग्राम हरदीभाठा में श्रीराम सेना द्वारा विशेष पूजा अर्चना के बाद भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया एवं श्रीराम सेना एवं समस्त अंचल वासियों द्वारा शाम को विशाल शोभायात्रा निकाली गई। रथ में हनुमान जी की प्रतिमा के साथ यह शोभायात्रा प्रमुख मार्ग होते हुए बस स्टैंड मैनपुर हनुमान जी के मंदिर पहुंची जहां विशेष पूजा अर्चना किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। वहीं दूसरी ओर पैरी उद्गम स्थल शिवमंदिर से भी आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर रथ में हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर आकर्षक साजसज्जा के साथ शोभायात्रा निकाली गई है। वहीं बस स्टैंड व गांव- गांव में हनुमान जी के मंदिर में आज विशेष पूजा अर्चना के साथ हनुमान जी का श्रृंगार कर नई पोषाक धारण करवाई गई और जगह -जगह रामायण पाठ के साथ हनुमान चालीसा की चौपाई गुंजायमान हुई। मंदिरों में पूजा अर्चना करने भारी भीड़ लगी रही। मैनपुर नगर में श्री रामसेना हिन्दु संगठन के द्वारा हनुमान मंदिर मे विशेष पूजा अर्चना के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। साथ ही फल वितरण प्रसाद वितरण, शरबत वितरण किया गया। नगर स्थित बस स्टैण्ड, मुख्य मार्गो एवं हनुमान जी के मंदिर को चारो तरफ भगवा ध्वज व तोरण पताको के साथ श्रीराम सेना हिन्दु संगठन मैनपुर द्वारा विद्युत झालरो से सजाया गया है, साथ ही हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मोटर सायकल रैली निकाल कर जय जय श्रीराम का नारे लगाये गये। हनुमान जन्मोत्सव पर्व के चलते नगर सहित क्षेत्र मे धार्मिकमय महौल देखने को मिला।

# दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



भारतीय जनता पार्टी नवापारा मण्डल में गुरूवार से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान प्रशिक्षण वर्ग नेहरू गार्डन स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित होने जा रहा है। यह प्रशिक्षण दो दिन चलेगा। प्रथम दिवस के उदघाटन सत्र में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की उपादेयता, भाजपा के इतिहास एवं विकास पर अपनी बात रखा। प्रथम सत्र की अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने किया। द्वितीय सत्र में संचित तिवारी जिला मंत्री रायपुर ग्रामीण, तृतीय सत्र अवधेश जैन प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी, चतुर्थ सत्र अंजय शुक्ला औषधि पादप बोर्ड उपाध्यक्ष, पंचम सत्र राजेश साहू किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री ने लिया। सभी सत्र में भाजपा मण्डल नवापारा के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने मंडल स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ करते हुये कहा कि दुनिया तृतीय विश्व युद्ध की कगार पर खड़ी है। अमेरिका ईरान युद्ध से दुनिया भर में उथल पुथल मचा हुआ है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल रणनीति के चलते भारत में पूरी तरह शांति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता ऐसे समय में सरकार को सहयोग करने के बजाय देश को बदनाम करने पर लगे है। जबकि भाजपा सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि मान कर चलती है। श्री बजाज ने कहा कि जनसंघ की स्थापना 1951 से लेकर अब तक की यात्रा में भाजपा ने कभी राष्ट्रहित से समझौता नहीं किया। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आपातकाल का स्मरण दिलाते हुये कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 में आपातकाल लगाकर हमारे शीर्ष नेताओं को रातों रात नजरबंद कर दिया था। उस दौरान जनता के मौलिक अधिकार छिन लिये गये तथा प्रेस सेंसरशीप लगा कर प्रेस की आजादी छिन ली गई इसके बावजूद हमारे नेता विचलित नहीं हुये। सभी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सरकार के अन्याय और अत्याचार का डटकर मुकाबला किया और पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाया। इस सत्र की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा तथा संचालन नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने की।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

श्रद्धांजली



स्व. श्री विजय यदु

एक मोती थे जीवन रूपी सागर में।
कहाँ ढूंढे हम तुम्हे स्मृतियों के महासागर में ॥

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है, कि मेरे पूज्य पति श्री विजय यदु का निधन दिनाँकः 25/03/2026, दिन- बुधवार को हो गया है। अतः आप सहपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें ।

:: दशगात्र कार्यक्रम ::
दिनांक- 03.04.2026, दिन- शुक्रवार
कार्यक्रम स्थल- भैरा (नवापारा) मो.- 8839865968
तालाब कार्यक्रम- दोपहर 12 बजे।

:: शोकाकुल परिवार ::
लखन लाल, भागीराम, नन्दकुमार, दिनेश, रितेश, डिगेश, रूपेश, हितेश, नादेश, विकास, तामेश, पंकज, धीरज, गीतांश, भुपेन्द एवं समस्त यदु परिवार....

:: विनीत ::
श्रीमती फुलेश्वरी बाई यदु (पत्नि)
श्री मनोज - श्रीमती गोमती बाई यदु (बेटा-बहु)
श्री भुगेश - श्रीमती यज्ञश्रेणी यदु (बेटा-बहु )
श्री टिकेश - श्रीमती प्रिती यदु (बेटा-बहु )

नोट- जिस किसी भी सज्जनों को शोक पत्र नही मिला हो, कृपया इसे ही शोक पत्र समझे।

## खबर संक्षेप



### बाबा साहब की जयंती पर समरसता दिवस का आगाज

**नवापारा-राजिम।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती समरसता दिवस के रूप में 1 अप्रैल से 14 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए दयालु गाड़ा ने बताया कि सर्व अनुसूचित जाति कल्याण सेवा समिति द्वारा 30 अप्रैल तक गांव-गांव में अनुसूचितजाति बस्ती में जाकर समरसता दिवस के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में दयालु गाड़ा प्रदेश अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति कल्याण सेवा समिति, दिनेश टंडन, संतोष सोनवानी, गणेश राम, नंदकुमार साहनी, कुलदीप मेनेड, मनीरामचंदेल, तेजकुमार, परशुराम, ईश्वर टंडन, सनत बारले, राहुल राय, हरिश्चंद्र टंडन, शामिल थे।

### किसानों के लिए भूमि रिकॉर्ड सुधारने का सुनहरा अवसर : परदेसीराम साहू

**नवापारा-राजिम।** किसान मोर्चा भाजपा के जिला अध्यक्ष परदेसीराम साहू ने कहा है कि राजस्व पखवाड़ा 2026 छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए उनके अधिकारों भूमि संबंधी विवादों और रिकॉर्ड सुधारो के समाधान का एक सुनहरा अवसर है। यह पहल सरकार द्वारा सुशासन के तहत



ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण के लिए चलाई जा रही है। बताया कि ग्राम स्तर पर आयोजित शिविर में किसान अपने लंबित राजस्व मामलों नामांतरण ,बंटवारा ,सीमांकन का निराकरण कराके भूमि रिकॉर्ड शुद्ध कर सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर सकते हैं। यह पहल किसानों को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों को सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। किसान इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी समस्या का समाधान कराएं। कहा कि राजस्व पखवाड़ा 2026 का मुख्य उद्देश्य भूमि रिकॉर्ड में सुधार, किसानों को खसरा खतौनी और नक्शा में सुधार, नामांतरण और सीमांकन जैसे लंबित मामलों का मौके पर ही निपटारा करने में सहायक होगा। श्री साहू ने कहा कि किसानों को धान का अंतर राशि का भुगतान और कृषक उन्नति योजना के तहत लाभ पहुंचाने के लिए राजस्व रिकॉर्ड का अपडेट होना आवश्यक है जो इस पखवारे में संभव होगा। श्री साहू ने सीएम विष्णुदेव साय का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### डबल इंजन सरकार के दृढ़संकल्प ने किया नक्सलमुक्त : किशोर

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य के नक्सलमुक्त होने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संयुक्त नेतृत्व व मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व गृह मंत्री विजय शर्मा की



जोड़ी ने आखिरकार नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ के निर्धारित लक्ष्य को नियत तिथि तक प्राप्त कर लिया है। नक्सलवाद छत्तीसगढ़ की पहचान था, जिसके चलते छत्तीसगढ़ की पूरे देश में नकारात्मक छवि निर्मित रहती थी। प्रदेश के नक्सलप्रभावित 11 जिलों में लाल आतंक के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाएं नदारद रहती थीं, जिससे छत्तीसगढ़ तमाम कोशिशों के बावजूद विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को हासिल करने में नाकाम रहता था। लेकिन अब नक्सलवाद के खात्मे के बाद छत्तीसगढ़ दुगुनी रफ्तार से विकास के पथ पर दौड़ते हुए विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ बनेगा ।

**जयंती :** मोहल्लों में विराजमान हनुमान जी की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-आरती की

# हनुमान जन्मोत्सव की धूम, केसरिया ध्वजों से सजा शहर, गूंजे बजरंगबली के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

इस क्षेत्र के सबसे बड़ा व्यापारिक एवं औद्योगिक शहर नवापारा में श्री हनुमान जी महाराज के प्राकट्योत्सव पर भक्ति, उत्साह और आस्था का अदभुत संगम देखने को मिला। पूरे शहर के हर हनुमान जी के मंदिर ,हर मुहल्ले,चौक-चौराहो और घरो में विराजमान श्री हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना और आरती धूमधाम से किया गया। शहर के सभी मार्ग केसरिया तोरण पताको से सुसज्जित था। पूरे शहर में लाऊडस्पीकर से हनुमान जी महाराज के एक से बढ़कर एक भजन बज रहे थे। वातावरण पूरा धर्ममय था। कईयो जगह हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड सहित विविध कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें बड़ी संख्या में हनुमान जी महाराज के भक्तो ने भाग लिया। बस स्टेण्ड से लेकर पूरे गंज मार्ग के मंदिरो में हलवा, पुरी, मीठा लसदार बुंदी और नारियल प्रसादी सहित केला सेव वितरण किया गया। इस तरह शहर में गुरुवार, 2 अप्रैल को श्री हनुमान जी महाराज का प्राकट्यउत्सव पूरे श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही शहर के सभी हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो गया, जो देर रात तक भक्ति की सरिता के रूप में निरंतर बहता रहा। शहर के चप्पे-चप्पे में स्थित हनुमान मंदिरों में प्रातःकालीन अभिषेक, पूजा और आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों की आस्था का ऐसा अदभुत दृश्य देखने को मिला मानो पूरा नवापारा शहर हनुमानमय हो उठा हो। हर गली, मोहल्ला, चौक-चौराहा और मुख्य मार्ग केसरिया ध्वज, पताकाओं और तोरणों से सुसज्जित नजर आया, जिससे पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय हो गया। मंदिरों में विधि-विधान के साथ नए ध्वज चढ़ाए गए और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। शहर के सुप्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण मंदिर स्थित श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर परिसर में सुबह से ही विशेष धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो गए थे। पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच श्री हनुमान जी महाराज का अभिषेक, पूजन और आरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मैडम चौक स्थित हनुमान जी के मंदिर में संध्या-आशुतोष राव भांडुलकर के नेतृत्व में धूमधाम से पूजा अर्चना और आरती तथा प्रसादी वितरण का कार्यक्रम हुआ।

**समरसता और एकता का संदेश-** बस स्टेण्ड स्थित शर्मा भोजनालय के हनुमान मंदिर में भी उत्सव का विशेष आकर्षण देखने को मिला। यहां सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात आरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ भाग लिया। दिन भर चले धार्मिक आयोजनों के साथ ही भजन-कीर्तन और रामायण पाठ का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सुमधुर भजनों ने वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। श्रद्धालु झूमते-गाते हुए भगवान हनुमान जी की भक्ति में लीन नजर आए। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का भी अदभुत उदाहरण प्रस्तुत किया। हर वर्ग, हर आयु के लोग इस पावन अवसर पर एक साथ नजर आए, जिससे शहर में भाईचारे और समरसता का संदेश भी प्रसारित हुआ। कुल मिलाकर, नवापारा शहर में मनाया गया श्री हनुमान जी महाराज का यह प्राकट्य उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम बनकर सभी के मन में भक्ति का संचार किया। हर कोई अपने परिवार के सुख समृद्धि और शांति के लिए मंगल कामना किया।





### राम जन्मोत्सव पर बेलर में खीर पुड़ी बांटे गए

*छुईहा बेलर। राम नवमी के पावन अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम बेलर में यहां के प्रतिष्ठित व्यवसाई गिरवर साहू , सरस्वती साहू, डामेश्वर साहू, गोपी साहू, होमेश साहू , जिविका साहू,धारणी साहू, दुर्वांशी तनमय साहू, जानवी, भीषमणि साहू के तत्वावधान में भोग प्रसादी भंड़ारा का आयोजन किया गया था। इनके द्वारा श्रद्धालुओ एंव राहगिरो को खीर पुड़ी बांटी गई। इस अवसर पर साहू संघ जिला अध्यक्ष जिला प्रवीण साहू तुलाराम साहू, रवि साहू, अरुण साहू, शुभम सिन्हा, सजेश साहू, यशवंत साहू, गोपेश्वर साहू, सत्यम गुप्ता, दीपक साहू, प्रीतम साहू, नमन, तनुज, तलेश, तुषार, भूपेश उपस्थित थे।*

## हनुमान जयंती पर बंटी चोकोबार और केसर कुल्फी, गर्मी में श्रद्धालुओं को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

हनुमान जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर राजिम शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में आस्था और भक्ति का अदभुत संगम देखने को मिला। गुरुवार को सुबह से ही मंदिरों में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का सस्वर पाठ गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की प्रतिमाओं पर चोला चढ़ाकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा महाआरती में भाग लिया। इस अवसर पर दत्तात्रेय मंदिर के पास स्थित श्री सिद्ध मनोकामना जन्मोत्सव वाले हनुमान जी मंदिर में एक अनूठी और सराहनीय पहल देखने को मिली। वैश्विक संकट और भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए जैसे ही तेज धूप का असर बढ़ा, मंदिर समिति द्वारा प्रसाद के रूप में ब्रांडेड चोकोबार कुल्फी, केसर कुल्फी ठंडा पेय का वितरण प्रारंभ किया गया। कुल्फी पाने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गईं चारों ओर श्री जय हनुमान व जय श्रीराम के जयघोष गूंजने लगे। मंदिर परिसर में छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में दर्शन, पूजन और प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। बच्चे एक से अधिक बार प्रसाद ग्रहण करने के लिए अपना वस्त्र बदल कर भी आते रहे और प्रसाद का आनंद ले रहे थे। आचार्य सौरभ मिश्रा एवं पंडित विकास मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न कराया गया। हवन कुंड में दी गई आहुतियों की सुगंध से वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। दर्शनार्थी मोदक, लड्डू, ऋतु फल सहित विभिन्न प्रकार के भोग लेकर पहुंचे और उन्हें श्री हनुमान जी महाराज को समर्पित किया।



**इनका रहा विशेष सहयोग-** इस अवसर पर राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि वैश्विक संकट, अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के कारण गैस सिलेंडर की उपलब्धता में थोड़ी कठिनाई है। साथ ही कुछ नया और जनहित में करने की भावना से इस बार भंडारे के स्थान पर भीषण गर्मी से राहत देने हेतु ठंडे प्रसाद के रूप में ब्रांडेड चोकोबार कुल्फी, केसर कुल्फी का वितरण किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को राहत मिल सके। समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रहलाद गंधर्व द्वारा लगातार अनाउंसमेंट किया जा रहा था और जयकारों से श्रद्धालुओं में उत्साह बना रहा। सुबह से देर शाम तक जन्मोत्सव वाले हनुमान मंदिर में भारी भीड़ देखी गई। सभी श्रद्धालुओं तक प्रसाद पहुंचे, इसके लिए समिति के प्रमुख सदस्य संतोष बंधु साहू, लिलेश्वर यदु, शिवराज देवांगन, मुकेश अवसरिया, पार्षद बलराम यादव, पूर्व पार्षद अरविंद यदु, रितेश यादव, मनीराम साहू, दीपक कहार, विष्णु साहू, रामकुमार साहू, भवानीशंकर साहू, जुगन कुलदीप, अमृत साहू, योगेश पटेल, राकेश अवसरिया, श्रवण यादव, जगन्नाथ पटेल, भूपेंद्र यादव, भोले साहू, कमल धीवर, रामकुमार साहू, राजू साहू, तरुण साहू, इंद्रजीत कंडरा, जागेश नागर्ची, शेषनारायण तिवारी, किशन सोनकर, श्याम साहू, गोलू सोनकर, यांशू साहू, प्रांशु साहू सहित अन्य सदस्य सेवा में लगातार जुटे रहे। भगवान बजरंगबली के जन्मोत्सव पर जन्मोत्सव वाले हनुमान मंदिर में कुल्फी का प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने समिति के सदस्यों को इस नवाचार के लिए बधाई और धन्यवाद दिया। यह पहल आस्था के साथ-साथ जनसेवा का सुंदर उदाहरण बना।

## इंद्रकुमार साहू ने 89 लाख रुपए के कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने पालिका के सभापति, पार्षद एवं गणमान्य लोगों की मौजूदगी में वार्ड क्रमांक 1,2,6, 12,13,15,16 एवं 19 में अलग-अलग निर्माण कार्य हेतु, कुल 89 लाख 20 हजार के कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि शहर के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए प्रमुखता से प्रयासरत है। शहर में बुनियादी सुविधाओं के अतिरिक्त लोगो के सुझाव के अनुरूप विकास के कार्य किए जा रहे है। भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति सचिन सचदेव, रवि साहू, सहदेव कंसारी, पूजा कंसारी, निर्मला-धीरज साहू, पार्षद रामरतन निषाद, लोकेश्वरी साहू, नम्मू नारायण ध्रुव, जीना निषाद, भरत सोनकर, तरुण कंसारी, दीपाली राजपूत, महिला भाजपा मंडल अध्यक्ष धनमती साहू, नवापारा भाजयुमो अध्यक्ष अंकित मेघवानी, मुकेश निषाद, प्रेमलाल साहू, दिनेश यादव ,सीएमओ लवकेश पैकरा मौजूद थे।



### बिजली कटौती, खराब ट्रांसफार्मर से किसान परेशान

**राजिम।** क्षेत्र में बिजली विभाग की लचर व्यवस्था और लगातार हो रही अनियमित बिजली आपूर्ति से किसान एवं आमजन इन दिनों गहरी परेशानियों से जूझ रहे हैं। बिजली कटौती, खराब ट्रांसफार्मर और जर्जर लाइनों के कारण जहां खेत सूख रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर जनपद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश भारती ने कहा की ग्राम बकली, रांवड़ खार में 15-20 दिनों तक ट्रांसफार्मर खराब पड़ा रहा, जिससे किसानों का ग्रीष्मकालीन रबी फसल सूखने लगा है। आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान काफी देर से हुआ। बताया कि क्षेत्र के बासीन, रक्शा, बकली, पितईबंद, हथखोज और रांवड़-में ग्रामीणों के साथ मिलकर कई बार विरोध प्रदर्शन और कार्यालय घेराव किया। प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, लेकिन परिणाम जीरो रहा। उन्होने सरकार से मांग किया है कि बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की जाए, ट्रांसफार्मर सुधार के लिए समय सीमा तय की जाए और किसानों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए।



## सब इंस्पेक्टर बनकर लौटे भोजराम ध्रुव का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

विकासखण्ड मुख्यालय छुरा से लगभग 9 किलोमीटर दूर ग्राम जरगांव के भोजराम ध्रुव का पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर (SI) पद पर चयन होने के बाद प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रथम बार अपने गृह ग्राम आगमन पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर परिवारजनों एवं ग्रामवासियों ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। भोजराम ध्रुव के पिता स्वर्गीय गजेश्वर ध्रुव तथा माता रामेश्वरी ध्रुव हैं। उन्होंने अपने दादा शिवदर्शन ध्रुव एवं दादी देशबाई के संरक्षण में कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की।

भोजराम ध्रुव की इस उपलब्धि से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे गांव एवं समाज के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह एक सकारात्मक संदेश देती है। स्वागत कार्यक्रम में लक्ष्मी महिला ग्राम संगठन जरगांव की सदस्याएं द्रोपती साहू, भुवनेश्वरी टाण्डे, पार्वती ध्रुव, उर्मिला ध्रुव, चन्द्रिका विश्वकर्मा, लक्ष्मी ध्रुव, निर्मला निषाद, कलाबाई, केशरी, मंगली पटेल, गणेशी बाई, कुमारी बाई एवं रामेश्वरी ध्रुव उपस्थित रहीं। इसके अलावा ग्राम प्रमुख मदन ध्रुव, रामाधार साहू, सुन्दर लाल, भीखम पटेल, विनोद कुमार, डुगेन्द्र पटेल, देवकरण, मनोज पटेल, ड्रेस पटेल, रूपसिंह, तिलक ध्रुव सहित अन्य ग्रामवासियों ने भी उनका स्वागत किया।

**जात्रा मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था**

## आस्था का संगम, रमई पाठ धाम में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

छुरा विकासखंड के अंतिम छोर घाट खाल्हे क्षेत्र में स्थित ग्राम सोरिद खुर्द का रमई पाठ धाम आस्था का अद्भुत संगम बना हुआ है। छुरा–फिंगेश्वर मुख्य मार्ग से लगभग दो किलोमीटर दूर जंगल और पहाड़ों के बीच स्थित यह प्राचीन स्थल 8वीं शताब्दी से श्रद्धालुओं के विश्वास का केंद्र रहा है, जहां हर वर्ष हजारों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं। गुरुवार को यहां भव्य जात्रा मेला आयोजित हुआ, जिसमें दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने माता रमई पाठ देवी के दर्शन कर अपनी आस्था प्रकट की। श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर सांकल चढ़ाया, पान-फूल और नारियल अर्पित किए तथा परंपरा के अनुसार बकरों की बलि भी दी। यहां यह मान्यता है कि मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु देवी को सांकल चढ़ाते हैं और विशेष रूप से संतान प्राप्ति के लिए भी यह परंपरा निभाई जाती है। मेले की शुरुआत फिंगेश्वर राजपरिवार द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। राजपरिवार ने सबसे पहले देवी-देवताओं को पान-फूल अर्पित किया तथा परंपरा के अनुसार अपने साथ लाए तीन बकरों को दाना खिलाकर उनकी बलि दी। इसके बाद अन्य श्रद्धालुओं ने भी अपनी-अपनी श्रद्धा अनुसार पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी और पूरी होने पर बलि चढ़ाई।



**संतान प्राप्ति और मन्नत के लिए प्रसिद्ध-** यह जात्रा मेला प्राचीन काल से राजा-महाराजाओं की परंपरा के रूप में चला आ रहा है, जो आज भी पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ निभाया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि के दौरान भी यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचकर मन्नतें मांगते हैं और पूर्णिमा के दिन पुनः आकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पूजा-अर्चना करते हैं। धाम की व्यवस्था और देखरेख समिति द्वारा की जा रही है, जिसमें अध्यक्ष हुलास राम साहू, उपाध्यक्ष जनक निर्मलकर, सचिव मनीराम यादव, कोषाध्यक्ष हेमंत सेन सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए समिति द्वारा फिंगेश्वर पुलिस का सहयोग लिया गया। पुलिस बल ने जगह-जगह तैनात रहकर पूरे मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। थाना प्रभारी गौतमचंद गौवड़े के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक भगवान ठाकुर एवं उनके दल ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए मेले को सफल बनाया। इसके लिए ग्रामीणों एवं समिति के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

